हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 जनवरी 2024

11 झांकियों से दी जाएगी सरकारी योजनाओं ...


12 जर्जर स्कूल भवन ढहाए, नए नहीं बन पाए ...



YADUVANSHI GROUP OF INSTITUTIONS

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन

India's No. 1 SCHOOL Since-1995




## आमंत्रण
## स्थापना दिवस
## "भव्य समारोह"

मकर संक्रांति 14 जनवरी 2024 | रविवार

स्थान: नई अनाज मंडी, चरखी दादरी

प्रीतिभोज : प्रातः 11:00 बजे से




*In respect of renowned personalities, please ignore hierarchy.

आदरणीय स्नेहीजन,
हम किसी कारणवश आपसे व्यक्तिगत तौर पर नहीं मिल पाये तो इसके लिए क्षमा प्रार्थी हैं। आप सभी से हमारी करबद्ध प्रार्थना है कि हमारा निमंत्रण सहृदय स्वीकार करें।
-राव बहादुर सिंह



अध्यक्ष
माननीय श्री श्रवण कुमार
विधायक सूरजगढ़ (राजस्थान)

मुख्यातिथि
माननीय श्री सत्य पाल सिंह मलिक
प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ एवं
पूर्व राज्यपाल- जम्मू कश्मीर, गोवा, बिहार एवं मेघालय

निवेदक
राव बहादुर सिंह
पूर्व विधायक नांगल चौधरी एवं चैयरमैन यदुवंशी ग्रुप

on SUNDAY 21st January 2024

Yaduvanshi Shiksha Niketan

| | |
|---|---|
| Mahendergarh | Ph:9466341799 |
| Rewari | Ph:8901167461 |
| Narnaul | Ph:9468061387 |
| Satnali | Ph:9812330666 |
| Gurugram Sec 92 | Ph:9053905384 |

Time: 10:00 am to 12:00 noon

Offline Registration on the spot also.

Buses will be Available on all the Nearby Routes

# YADUVANSHI
# CHAIRMAN'S SCHOLARSHIP
## Cum ADMISSION TEST (YCSAT)
For Class I to XII

upto 100% on Tuition & Hostel Fee

on SUNDAY 28th January 2024

Yaduvanshi Shiksha Niketan

| | |
|---|---|
| Thanwas | Ph:9050784050 |
| Sohali | Ph:9991217659 |
| Mandola | Ph:7027134134 |
| Gurugram Sec 33 | Ph:9053905381 |
| Jind | Ph:9053905361 |
| Dhani Mahu | Ph:9050007943 |
| Kanina | Ph:9053048100 |
| Kosli | Ph:9053002458 |
| Hansi | Ph:9053905366 |

Time: 10:00 am to 12:00 noon

for ONLINE Registration
SCAN & REGISTER
Visit at
www.yaduvanshigroup.edu.in

## REQUIREMENTS

Principal, Academic Heads COACHING EXPERTS for NEET/IIT/NDA/CLAT/CA SALARY : 2 to 3 Lac pm

PGT: All Subjects (1 to 2 Lac p.m.) | TGT: All Subjects (50 Thousand to 1 Lac p.m.) | PRT: All Subjects (20-50 Thousand p.m.) | NTT/Mother Teacher

Others: NTT, Hostel Warden (M/F), NIS Coaches (M/F), DPEs, PTIs, Librarian, Accountant, Music Teacher, Dance Teacher, Art & Craft, Computer Operator-cum- Web Designer, Graphic Designer, English Communication Teacher.

INTERVIEW SCHEDULE: Time: 12:00 pm to 03:00 pm

21 January 2024 : Mahendergarh, Rewari, Narnaul, Satnali, Gurugram Sec-92

28 January 2024 : Thanwas (N.Chaudhary), Mandola (Ch. Dadri), Gurugram Sec-33, Jind, Dhani Mahu (Bhiwani), Kanina, Kosli, Hansi, Sohali (Raj.)

Mahendergarh: 9466341799 | Narnaul: 9468061387 | Thanwas: 9050784050 | Dhani Mahu: 9050007943 | Jind: 9053905361 | Gurugram Sec.92 : 9053905384 | Gurugram Sec.33: 9053905381
Rewari: 8901167461 | Satnali: 9812330666 | Sohali (Rajasthan): 9991217659 | Kosli : 9053002458 | Hansi : 9053905366 | Kanina: 9053048100 | Mandola: 7027134134

## खबर संक्षेप

### यदुवंशी शिक्षा निकेतन में समारोह 14 को होगा

**चरखी दादरी।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले भव्य समारोह का आयोजन। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सुबह 10 बजे नई अनाजमंडी चरखी दादरी में किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल एवं प्रसिद्ध



भारतीय राजनीतिज्ञ सत्यपाल सिंह मलिक मुख्यातिथि तथा राजस्थान से विधायक श्रवण कुमार अध्यक्ष के रूप में शिरकत करेंगे। समारोह में भिवानी . महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र सहित प्रदेश से लाखों की संख्या में लोग शामिल होंगे।

### आरोग्य कक्ष डिस्पेंसरी का किया शुभारंभ

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विवि में कुलपति एवं कुलसचिव ने नए परिसर में आरोग्य कक्ष डिस्पेंसरी का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। इसका शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आरके मित्तल एवं डॉ. ऋतु सिंह ने रिबन काटकर किया। कुलपति प्रो आरके मित्तल ने इस अवसर पर कहा कि किसी भी व्यक्ति का पूर्ण स्वस्थ होने के लिए मानसिक,शारीरिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य का सही होना जरूरी है। संयमित दिनचर्या और नियमित योगाभ्यास के साथ संतुलित आहार हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखता है।

### एसडीएम ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

**चरखी दादरी।** एसडीएम एवं दादरी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी नवीन कुमार ने मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने चरखी दादरी नगर परिषद क्षेत्र में स्थापित मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं को देखा और वहां मौजूद लोगों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जानी हैं।

### चयन परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित

**हिसार।** भारतीय वायु सेना द्वारा अग्निवीर योजना के तहत चयन परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अग्निवीर (वायु सेना) प्रवेश परीक्षा 01/25 के लिए 17 जनवरी से 6 फरवरी तक अग्नि पथ की वेबसाइट पर पंजीकरण किया जा सकता है, जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च से आयोजित होगी।

### ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15

**हिसार।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जिले में विभिन्न स्कीमों जैसे स्मैम, एनएफएसएम (तिलहन, दालें व गेहूं) के तहत कृषि यंत्रों/मशीनों पर अनुदान दिया जा रहा है। किसानों को यंत्रों/मशीनों पर अनुदान के लिए 15 जनवरी तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सहायक कृषि अभियंता गोपी राम सांगवान ने बताया कि कृषि यंत्रो पर 40 से 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाता हैं।

---

खंड कैरू में स्थित रावमावि में खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

# खंड स्तरीय मटका दौड़ में गांव गोलागढ़ की राजवंती रही प्रथम

■ परिवार और समाज की रीढ़ हैं महिलाएं : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम





तोशाम। मटका दौड़ में भाग लेती प्रतिभागी व प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मंगलवार को खंड कैरू में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया व विजेताओं को सम्मानित किया। एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने महिलाओं को परिवार व समाज की रीढ़ बताया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को सकारात्मक सोच व विश्वास से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बहू अपनी सास को मां और सास अपनी बहू को बेटी की तरह समझेंए इससे परिवार खुशहाल होगा। एसडीएम ने महिलाओं से अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानने व निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत रहने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि महिलाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। ऐसे आयोजनों से महिलाओं की प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में महिलाओं को अधिक से अधिक भागीदारी करनी चाहिए। इससे महिलाओं को अपनी व्यस्त दिनचर्या में से कुछ अलग करने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार जरूरी कदम उठा रही है जिससे खेल व खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिल रहा है। सीडीपीओ लाजवंती ने कहा कि विभाग का हमेशा यह प्रयास रहता है कि घरेलू महिलाएं घर से बाहर आकर सामाजिक तौर पर होने वाली विभिन्न गतिविधियों से जुड़ें। खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन एक ऐसा मंच हैए इस पर आकर महिलाएं अपनी प्रतिभा सामने ला सकती हैं। यह एक ऐसा माध्यम है जिससे महिलाएं चूल्हा.चौका छोड़कर बाहर निकलती हैं। उन्होंने बताया कि अभी प्रतियोगिता खंड स्तर पर आयोजित की जा रही है। आयोजन होने के बाद जिला स्तर पर प्रतियोगिता करवाई जाएगी।

### धारणबास की रेखा रही पहले स्थान पर

महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ लाजवंती ने बताया कि प्रतियोगिता में खंड कैरू के अंतर्गत आने वाले गांवों की महिलाओं ने हिस्सा लिया। एक दिवसीय प्रतियोगिता में 18 से 30 वर्ष और 30 वर्ष से अधिक आयु वर्गो् में अलग.अलग खेलों के मुकाबले हुए। उन्होंने बताया कि 100 मीटर दौड़ में धारवानवास से रेखा प्रथम, ढाब ढाणी से सीमा दूसरे व जूईकलां से प्रमिला ने तृतीय स्थान पाया। 300 मीटर दौड़ में टीटानी से पूजा प्रथम व बाबरवास से आरती द्वितीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में जूईकलां से निशा प्रथम, लेघा से सीमा दूसरे व चंदावास से पूनम तीसरे स्थान पर रही। मटका दौड़ में सबसे तेज दौड़कर गोलागढ़ से राजवंती विजेता बनी जबकि धारवानवास से कमलेश दूसरे व बाबरवास की शीला तीसरे नंबर पर रही। आलू चम्मच रेस में बाबरवास की कमला प्रथम, धारवानवास की सुशीला दूसरे व जूई बिचली से प्रवीण तृतीय स्थान पर रही। साइकिल रेस में जूई खुर्द से सोनू पहले, लोहानी से प्रीति द्वितीय व मनसरवास से सुन्यना तृतीय स्थान पर रही। खंड स्तर पर विजेता प्रतिभागी जिला स्तर की प्रतियोगिता में हुनर दिखाएंगी। मंच का संचालन हिंदी प्रवक्ता सुरेश कुमार ने किया। इस मौके पर विभाग से सुपरवाइजर नीलम, सहायक बाबूलाल सोनी, पूनम कुमारी, प्रीतम गोलागढ़, सचिन

---

# मिशन.2024 को लेकर जजपा पूरी तरह से है तैयार : चौटाला



भिवानी। एकत्रित लोगों को संबोधित करते अजय सिंह चौटाला। फोटो : हरिभूमि

■ गठन के मात्र 5 साल में जजपा ने राजनीतिक इतिहास में खड़ा किया सबसे मजबूत संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जननायक जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दी है। जिसके लिए जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के दौरे भी शुरू कर दिए है। इसी कड़ी में मंगलवार को जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने लोहारू विधानसभा क्षेत्र के गांव रूपाणा, खेड़ा, सिवानी, देवसर,गुरेरा, नलाई व ढ़ाणी जागी गांव का दौरा कर कार्यकर्ताओं से संवाद साधा। इस दौरान वे कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए तथा उनका हालचाल जाना।

जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे आगामी चुनाव की तैयारियों में जी.जान से जुट जाए। विभिन्न गांवों में पहुंचने पर जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का ग्रामीणों द्वारा फूल.मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि जजपा ने अपने गठन के मात्र 6 वषार् के दौरान राजनीतिक इतिहास में अभूतपूर्व तरक्की की है, जिसका सारा श्रेय कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत एवं प्रयास ही है। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष पहले जींद की पवित्र भूमि पांडू पिंडारा में जजपा का जन्म हुआ था, जिसके मात्र 10 माह बाद ही चुनाव में जजपा ने 10 सीट जीतकर स्वयं को साबित करने का काम किया था। उन्होंने कहा कि उन्ही 10 विधायकों की बदौलत जजपा सत्ता की सहयोगी पार्टी बनी तथा आज जजपा व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को आमजन की सेवा करने का मौका मिल पाया। डॉ. चौटाला ने कहा कि जजपा का उद्देश्य जननायक ताऊ स्व. देवीलाल की नीतियों एवं आदशार् पर चलते हुए प्रत्येक वर्ग के हित एवं उत्थान की दिशा में कार्य करना है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह बागनवाला, प्रदेश संगठन सचिव विजय सिंह गोठड़ा, महिला जिला अध्यक्ष अल्का आर्य, युवा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र राठी, हल्का अध्यक्ष सुरेंद्र किल्का, राजकुमार ओबरा, देवेंद्र नकीपुर, ईश्वर मान, कृष्ण गोदारा, जयवीर सिंह शेरपुरा, शंकर आहुजा आदि मौजूद रहे।

---

# पौधों के संरक्षण को लेकर किया जागरूक

■ सर्दी के मौसम को देखते हुए शुरू किया है अभियान :अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। कड़ाके ठंड से बचाने के लिए पौधे की सिंचाई करते हुए।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के द्वारा पौधों के रखरखाव व उनके संरक्षण को लेकर इस वर्ष कोल्ड अटैक थीमष जागरूकता अभियान के तहत लोगों से पेड़ पौधे बचाने व उनके संरक्षण की अपील की गई है । वन महोत्सव के तहत हरियाणा प्रदेश जिला मुख्यालयों पर कई लाख पौधे लगाए गए, अगर देश में बात की जाए तो करोड़ों पौधे पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए लगाए गए। उन पौधों का रखरखाव कैसे हो और उन्हें सर्दी के कहर से कैसे बचाया जा सके। इसके लिए आम व्यक्ति को आगे आना होगा। उपरोक्त विचार हर वर्ष पौधा संरक्षण अभियान के सूत्रधार भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने लोगों से अपील व्यक्त करते हुए कहे हैं । राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि अगर देश और प्रदेश में जुलाई और अगस्त माह की बात की जाए तो लाखों में नहीं बल्कि, करोड़ों में पौधों का रोपण किया जाता है । उन पौधों का संरक्षण बहुत जरूरी है, क्योंकि नर्सरी में जिस प्रकार से इन पौधों को तैयार किया जाता है।

### 200 पौधों में दिया पानी

*भारद्वाज ने कहा कि लगाए गए पौधे को यदि सर्दी और गर्मी में संरक्षण दिया जाता है तो यह पौधे हमारे लिए जीवन रक्षक बनते हैं। इसलिए जितनी उमंग और उत्साह के साथ पौधारोपण किया जाता है एतो उसी उत्साह के साथ पौधों का संरक्षण भी हमें करना चाहिए और इस पहल को उन्होंने दो दिन में करीब 200 पौधों को संरक्षण देकर शुरू किया है । अशोक भारद्वाज ने कहा कि नुमान जोहड़ी मंदिर धाम में लगाए गए 200 पौधों के नीचे पैदा हुए खरपतवार हटाकर और उनमें जल स्रोत घेरा बनाकर उचित मात्रा अनुसार पानी दिया गया है एताकि पौधों को सही खाद बीज और पानी के द्वारा बचाया जा सके और कुछ पौधे ऐसे होते हैंए जिनको ठंड से बचने के लिए घास फूस व सरकंडों या अन्य बचाव साधन के द्वारा उसे ढक कर संरक्षण दिया जा सकता है।*

---

# युवाओं में टीम स्पिरिट की भावना को बढ़ाते है खेलः पवन हिंदुस्तानी

■ आप की सरकार बनने पर पहली कलम से खिलाड़ियों के के हितों में बनाई जाएंगी नीतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



तोशाम। क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाते हुए।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पवन हिंदुस्तानी ने कहा कि खेलों से ना केवल शारीरिक बल्कि बौद्धिक विकास भी होता है। खेलों से युवाओं में टीम स्पिरिट की भावना आती है, जिससे युवा समाज के साथ चलने में सक्षम होते है। इसीलिए ज्यादा से ज्यादा युवाओं को खेलों से जुडक़र शारीरिक व मानसिक रूप से तंदुरूस्त बनना चाहिए। पवन हिंदुस्तानी कस्बा तोशाम के चौधरी सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में शहीद भगत सिंह युवा क्लब तोशाम द्वारा एक से 12 दिसंबर तक आयोजित करवाई जा रही क्त्रिकेट प्रतियागिता में मंगलवार को बतौर मुख्यअतिथि पहुंच खिलाडिय़ों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ आम आदमी पार्टी के दादरी जिला अध्यक्ष धनराज कुंडू भी पहुंचे,जिन्होंने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन किया। खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए आप राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पवन हिंदुस्तानी ने कहा कि भिवानी जिला का हर खिलाड़ी विभिन्न खेलों में नाम कमा रहे है, जिसके चलते भिवानी जिला को आज विश्व भर में पहचान मिली है।

---

# सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया

■ स्पाइन पेन गर्दन दर्द और पीठ दर्द में मिलती है राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



सूर्य नमस्कार करवाकर इसके फायदे बताते हुए आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक।

आयुष विभाग हरियाणा व हरियाणा योग आयोग के निर्देशन में हर वर्ष की भाँति सूर्यनमस्कार श्रृंखला के अन्तर्गत आयुष विभाग भिवानी के आयुर्वेद अधिकारी डॉ. देवेंद्र शर्मा, जिला आयुष कॉर्डिनेटर डॉ. संजय वैद, जिला योग विशेषज्ञ डॉ. निशा खट्टर के मार्गदर्शन में आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक ने जिला भिवानी को सूर्य नमस्कार की श्रृंखला में समस्त हरियाणा में अग्रणी बनाने का संकल्प लिया और व्यायामशाला दुर्जनपुर में योग सहायक गजानंद ने उपस्थित बच्चों को निरंतर तेरह सूर्य नमस्कार करवाये और इससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया।

उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार करने से आपकी पूरी बॉडी का पोस्चर बेहतर होता है। इससे आपकी मांसपेशियों के लिए फायदेमंद होता है। इससे स्पाइन पेन गर्दन दर्द और पीठ दर्द से भी राहत मिलता है। रोज सूर्य नमस्कार करने से स्पाइन की एलाइनमेंट भी बेहतर होती है, जिससे बॉडी का पोस्चर ठीक रहता है।

बच्चों को जानकारी देते हुए आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक ने बताया कि इस भाग.दौर की जिंदगी में, एक चीज जो हम सभी को चाहिए होती है, वह है मानसिक तनाव से राहत।

---

# किसान नेता चौधरी छोटूराम को किया याद

■ संयुक्त किसान मोर्चा व केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों ने सर छोटूराम की पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में किसान मजदूर नेता चौधरी छोटूराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

संयुक्त किसान मोर्चा व केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों ने किसान मजदूर नेता चौधरी छोटूराम की 78 वीं पुण्यतिथि तथा महाराजा नाहर सिंह का 165 वां शहादत दिवस मनाते हुए अपनी मांगों के लिए 10 जनवरी से 20 जनवरी तक जन अभियान तथा 26 जनवरी को जिला स्तर पर ट्रेक्टर व मोटर साईकिल मार्च निकालने का निर्णय लिया संयुक्त किसान मोर्चा व केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों की साझा बैठक जाट धर्मशाला भिवानी में विभिन्न किसान संगठनों व मजदूर संगठनों की संयुक्त अध्यक्षता में हुई । मंच संचालन संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य कामरेड ओम प्रकाश ने किया । बैठक में प्रमुख किसान मजदूर नेता रहबरे आजम चौधरी छोटूराम की 78 वीं पुण्य तिथि मनाई तथा 1857 की लड़ाई में शहादत देने वाले भलभगढ़ के राजा नाहर सिंह,उनके साथी गुलाब सिंह सैनी व भूरा सिंह का 165 वां शहादत दिवस मनाया । सभी वक्ताओं ने उन महान विभूतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी शहादत व विरासत के आदशोंर् को आगे बढाने का सकंल्प लिया । बैठक में सर्वसम्मति से संयुक्त किसान मोर्चे व केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर किसानो, मजदूरों युवाओं व महिलाओं के मुद्दों बेरोजगारी , महंगाई , कृषि संकट , बकाया बीमा क्लेम , मुआवजा ,बिजली टावरों व अन्डर ग्राउंड तेल लाईन निकालने का न्यायोचित मुआवजा ,एमएसपी की संवैधानिक गांटरी ,बिजली नीजिकरण का विरोध , मजदूरों के रद्द हुए कानून बहाल करने ,पुरानी पैंशन बहाल करवाने , खाली पड़े पदों पर भर्ती ,तथा सार्वजनिक क्षेत्र का निजिकरण बंद हो जैसी मांगें लेकर 10 जनवरी से 20 जनवरी तक जिले के गांव गांव में अभियान चलाएंगे।

---

# पूर्व विधायक डॉ. शिव शंकर भारद्वाज ने मनाई सर छोटूराम की जयंती

■ कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पार्पित कर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। किसानों के मसीहा सर छोटूराम को याद करते हुए। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक डॉक्टर शिव शंकर भारद्वाज ने कहा कि किसानों के मसीहा सर छोटू राम ने हमेशा किसान वर्ग के भलाई के लिए काम किया वह किसानों के प्रेरणा स्त्रोत थे आज भी किसानों के कार्यों को लेकर उन्हें याद कर रहे हैं आज उनके पुण्यतिथि के अवसर पर आवास पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने अपना सारा जीवन किसने वर्ग की भलाई के लिए कार्य किया था उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान डीएपी खाद की किल्लत और कालाबाजारी से जूझ रहे हैं। उन्होंने खाद की आपूर्ति बढ़ाने की मांग उठाई है।

बीजेपी-जेजेपी सरकार द्वारा कागजों में खाद के भंडार दिखाए जा रहे हैं। लेकिन वह किसानों तक नहीं पहुंच रहे। इससे स्पष्ट है कि खाद की कालाबाजारी हो रही है। प्रदेश के 22 जिलों की सहकारी समितियों पर डीएपी नहीं मिल रहा है और निजी दुकानदार डीएपी के साथ किसानों को जबरदस्ती सल्फर की थैली बेच रहे हैं। इस अवसर पर ललित शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, मोहन दत्त, प्रेम, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. लोकेश, वीना, शीतल, कैशव, कृष्ण प्रजापत, दीपक आदि मौजूद रहे।

---

**कार्यक्रम** विकसित भारत संकल्प यात्रा खेडी सनवान, टिकाण, बलाली व कलाली पहुंची

# जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। स्टॉल का अवलोकन करते मुख्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

केन्द्र व राज्य सरकार अंत्योदय की भावना के साथ लोगों की भलाई के काम कर रही है। इसी कड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों के घर द्वार पर पहुंचकर जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। यात्रा के माध्यम से पंक्ति में अंतिम जरूरतमंद व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पहुंचाने की सकारात्मक कोशिश की जा रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा वास्तव में अंत्योदय के सपने को साकार करने में अहम साबित हो रही है। यह बात विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर शिरकत करते हुए चेयरपर्सन बबीता फोगाट ने कही। मंगलवार को जिला के खेडी सनवान, टिकाण, बलाली व कलाली गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में बबीता फौगाटए ओमबीर महराणाए सीटीएम आशीष सांगवानए ओएसडी टू डीसी शुभम आदि ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। अतिथियों ने कहा कि केन्द्र व हरियाणा सरकार पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए प्रयासरत है और लोगों की भलाई के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को उनके घर द्वार जाकर उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का वास्तव में लोगों को लाभ हो रहा है और मौके पर ही लोगों की समस्याएं दूर हो रही है।

मुख्य अतिथियों ने सभी स्टॉल पर मिल रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से भी यात्रा का फीडबैक लिया। यात्रा के दौरान योजनाओं की जानकारी लेने,पात्रों द्वारा मौके पर ही राशन कार्ड बनाना, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण करवाना,स्वास्थ्य विभाग की स्टॉल पर स्वास्थ्य जांच, कृषि विभाग से योजनाओं की जानकारी लेने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं और इस यात्रा की प्रशंसा कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान एलईडी वैन के जरिए हरियाणा व राज्य सरकार की उपलब्धियों की लघु फिल्मों को देखा। इस फिल्मों के जरिए लोगों को सरकार की तमाम उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी गई।

### स्टालों का किया अवलोकन

*अतिथियों ने कार्यक्रम के दौरान गांवों में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन भी किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न गांवों में कार्यक्रमों के दौरान जल जीवन मिशन, नैनो यूरिया, ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती, सिकल सैल एनीमिया, आभा कार्ड, उज्ज्वला, स्वामित्व योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अंत्योदय योजना, पीएम.स्वनिधि योजना आदि की संपूर्ण जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की जा रही है।*

## खबर संक्षेप

### 2228 गर्भवती महिलाओं ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**भिवानी।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत जिले में दिसम्बर माह में 2228 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। योजना के तहत जच्चा.बच्चा के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए प्रत्येक महीने की 9, 10 तथा 23 तारीख को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाती है। अगर इस दिन सरकारी अवकाश होता है तो अगले दिन गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है तथा गर्भवती महिलाओं को डाईट के तौर पर पौष्टिक आहार भी दिया जाता है।

### सुरक्षित मातृत्व अभियान दोनों के लिए लाभकारी

**भिवानी।** प्राइवेट महिला विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सरकारी अस्पतालों एवं अर्बन हेल्थ सेंटर पर गर्भवती महिलाओं के लिए हर महीने की 9 ,10 एवं 23 तारीख को निःशुल्क कैम्प लगाया जाता है जो कि जच्चा बच्चा दोनो के लिए एक संजीवनी है । सेवा को वरीयता राज्य एंव राष्ट्रीय आईएमए का मूल मंत्र है । इस अवसर पर 2024 के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर वी असोकन, पूर्व अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल, अनिल नायक,डॉ. सहजानंद ,डॉ. जयलाल ,डॉ राजन शर्मा आदि मौजूद थे।

### बोलेरो कैंपर गाड़ी से 106 बोतल अवैध शराब बरामद

**हिसार।** अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए उकलाना पुलिस ने दौलतपुर-फरीदपुर रोड से एक बोलेरो कैंपर गाड़ी से 106 बोतल अवैध शराब बरामद करके एक व्यक्ति को काबू किया है। उसने अपना नाम खेदड़ निवासी सुरेश कुमार बताया। तलाशी लेने पर कैंपर गाड़ी से 8 बॉक्स और 10 बोतल कुल 106 बोतल अवैध शराब बरामद हुई।

### भैंस चोरी के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने ढंढूर गांव से भैंस चोरी के मामले में दूसरे आरोपित मोठ रागड़ान निवासी राजू को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही जोगिंदर सिंह ने बताया कि राजू व गांव ढंढूर निवासी गोलू ने अपने साथियों के साथ मिलकर 29 दिसंबर को एक पिकअप गाड़ी में गांव ढंढर से एक भैंस और तीन कटड़ी चुराई थी।

### हत्या प्रयास मामले में दो आरोपियों को पकड़ा

**हिसार।** अर्बन एस्टेट चौकी पुलिस ने कृष्णा नगर निवासी सिकंदर पर चाकू मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपियों क्रांति नगर निवासी अरुण और रमन उर्फ फिफडा को गिरफ्तार किया है। तीसरे आरोपित शिव उर्फ शिवा की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने आरोपित अरुण से वारदात में प्रयोग चाकू बरामद किया है।

### पंजाबी महापंचायत 14 को मनाएगी मकर संक्रांति

**हिसार।** पंजाबी महापंचायत कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक प्रधान शम्मी नागपाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि 14 जनवरी को राजगुरू मार्केट स्थित पंजाबी धर्मशाला में मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

### मथुरा-वृंदावन पारिवारिक बस यात्रा 25 को

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर, हिसार व आसपास के भक्तों के लिए 25 जनवरी को मथुरा-वृंदावन पारिवारिक बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। समिति के सदस्य अमित गोयल व मुकेश गोयल ने बताया कि यात्रा में श्रद्धालु मथुरा-वृंदावन के मंदिरों के अलावा गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव व कोकिलावन में शनि मंदिर के दर्शन करेंगे।

### ग्रामीणों ने उठाया नेत्र जांच शिविर का लाभ

**हिसार।** विश्वास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा निकटवर्ती चार गांवों में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। बड़वा, धिकतान, गुरेरा व गारनपुरा कलां में आयोजित शिविर में विश्वास अस्पताल के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने 390 ग्रामीणों की नेत्र जांच करके उन्हें उचित परामर्श दिया।

---

### भीम खेल स्टेडियम में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

# झांकियों से दी जाएगी सरकारी योजनाओं की सभी जानकारी

**समारोह कार्यक्रम स्थल पर रंगोली बनाई जाएगी उत्कृष्ट कार्य करने वाले होंगे सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** गणतंत्र दिवस को लेकर अधिकारियों को दिशा.निर्देश देती एडीसी। फोटो : हरिभूमि

एडीसी अनुपमा अंजलि ने कहा है कि हर वर्ष की भांति इस बार भी भीम स्टेडियम में 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम स्थल पर रंगोली बनाई जाएगी उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा एवं विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक झांकियों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। एडीसी अंजलि गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर मंगलवार को डीआरडीए सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थी। थे। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के दिन सुबह 9ण्58 बजे समारोह स्थल पर मुख्य अतिथि का आगमन होगा तथा मुख्यअतिथि दस बजे राष्ट्रगान की धुन के साथ ध्वजारोहण करेंगे।

#### सौंपी जिम्मेदारी

एडीसी अंजलि ने स्वास्थ्य विभाग को समारोह स्थल पर स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं सहित एंबूलैंस का प्रबंध करनेए दमकल विभाग को अग्निशमन की गाड़ी की व्यवस्था करने, जनस्वास्थ्य विभाग को पेयजल की व्यवस्था, बिजली व्यवस्था,नगर परिषद को समारोह स्थल पर सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। एसडीएम ने पीडी, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए अधिकारियों को अलग.अलग जिम्मेदारी सौंपी।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अपनी तैयारी रखें

एडीसी ने निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदर्शित होने वाली झांकियों में सरकार व विभाग की उपलब्धियों का पूरा विवरण होना चाहिए। झांकियों के माध्यम से सरकार के विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही लोकहितैषी नीतियों व योजनाओं को दर्शाया जाए। इसी प्रकार से शिक्षा विभाग भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अपनी तैयारी रखें। उन्होंने बताया कि यदि समारोह के बारे में शासन.प्रशासन द्वारा नये निर्देश जारी किए जाते हैं तो उनके बारे में अवगत करवा दिया जाएगा। बैठक में नगराधीश हरबीर सिंह ने गणतंत्र दिवस का एंजेडा के माध्यम से सभी विभाध्यक्षों की लगाई गई जिम्मेवारियों का जानकारी दी। इस मौके पर एसडीएम दीपक बाबू लाल करवा, उप सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार, पशु पालन विभाग के उप निदेशक डॉ. रविन्द्र सहरावत, डीईईओ संतोष नागर, सीडीपीओ ऊषा रानी, पुलिस विभाग से इसपेंक्टर सरोज, इटीओ सुनील कुमार, समाज कल्याण विभाग सत्यवान, रविन्द्र पान्नू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

उन्होंने बताया कि समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा झांकियों के माध्यम से सरकार की विकासपरक योजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। परेड, पीटी शो व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। परेड में पुलिस के अलावा एनसीसी, होमगार्ड व छात्राओं की टुकडियों भी शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि 16 जनवरी का सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन किया जाएगा और 24 जनवरी को भीम स्टेडियम में फाइनल रिर्हसल की जाएगी। एडीसी ने गणतंत्र दिवस को हषार्ेल्लास व भव्य बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग व शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह के दौरान परेड, पीटी शो व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सही से तैयारी करवाएं। उन्होंने निर्देश दिए समारोह स्थल पर सफाई व्यवस्था दुरूस्त की जाए। इसी प्रकार से पूर्व की भांति शहर में रोहतक रोड, हांसी रोड, महम रोड व अन्य प्रमुख मागोंर् पर बने स्वागत द्वार बनाए जाएंगे।

---

# बुजुर्गों की देखभाल करें: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



■ सर्दी के मौसम से बचने के लिए डीसी नरेश नरवाल ने जारी की एडवाइजरी

डीसी नरेश नरवाल ने अत्यधिक ठंड के मद्देनजर सर्दी से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक ठंड के मौसम के मद्देनजर सर्दी से बचाव के लिए सावधानी बरतनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जहां तक संभव होए चारदीवारी के अंदर रहें ताकि शीत लहर से बचाव हो सके।

उन्होंने नागरिकों से कहा है कि वे मीडिया तंत्र के माध्यम से भी मौसम संबंधी जानकारी लेते रहें। अपने आसपास रहने वाले अकेले व्यक्तियों, विशेषकर बुजुगोंर् की देखरेख करें। डीसी नरवाल ने बताया कि सर्दी से बचाव व शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म खाद्य एवं पेय पदाथोंर् तथा गर्म कपड़ों का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि घर से बाहर निकलते समय मफलर व टोपी आदि का इस्तेमाल करें। सर्द हवाओं से बचने के लिए सिर को ढककर रखें। शरीर को गीला न रहने दें और गीले होने पर कपड़ों को तुरंत बदलें। शरीर को गर्म रखने के लिए पौष्टिक भोजन करें। शरीर का तापमान कम होने अथवा असामान्य संकेत दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। नागरिक एवं विशेषकर पशु पालक अपने ध्यान रखने के साथ.साथ पशुओं का भी ध्यान जरूर रखें।

#### यह न करें

शराब का सेवन न करें जो आपके शरीर के तापमान को कम करती है, और रक्त वाहिकाओं को संकरा करती हैए लंबे समय तक ठंड के संपर्क में रहने से बचें खासकर हाथों में, जो हाइपोथर्मिया के खतरे को बढ़ा सकता है। शीतदंश वाले क्षेत्र की मालिश न करें। इससे और नुकसान हो सकता है। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें। यह पहला संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है.घर के अंदर जाओ प्रभावित व्यक्ति को तब तक कोई तरल पदार्थ न दें जब तक कि पूरी तरह ठीक न हो।

---

# भाजपा ओबीसी व महिला मोर्चा पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को पार्टी के कार्यक्रमों को पहुंचाएं लोगों तक : मुकेश गौड

जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की ओबीसी मोर्चा व महिला मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुकेश गौड ने की। इस मौके पर सभी पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष द्वारा संगठन मजबूती एवं मजबूत नेतृत्व की भावना विकसित करने संबंधी आवश्यक टिप्स दिए गए। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रोहताश चौहान ने दी।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मुकेश गौड ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा आमजन के हित में लागू की जा रही जनकल्याणकारी नीतियों से आज प्रत्येक वर्ग खुश है तथा सिर्फ मोदी व मनोहर शासनकाल के गुणगान गा रहा है। गौड ने कहा कि इस बार का चुनाव पूरी तरह से आधारित होगा। लिहाजा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को पार्टी के कार्यक्रमों को नीचे तक पहुंचाना है। जिला अध्यक्ष ने भाजपा ने ओबीसी व महिला वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं लागू की, अपितु भाजपा ने ही इन दो वर्गों का ध्यान रखते हुए ऐसी.ऐसी योजनाएं लागू की है जो सबके लिए लाभकारी हैं।

---

### मेरी फसल.मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य

**भिवानी।** सरकार की योजनाओं का फायदा लेने के लिए किसानों को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के पोर्टल मेरी फसल.मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. विनोद फोगाट ने ये जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा पोर्टल मेरी फसल.मेरा ब्योरा पोर्टल चलाया जा रहा है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण जरूरी करना चाहिए। सरकार की योजनाओं के साथ.साथ फसल की उपज को अनाज मण्डी में बेचने में सुविधा इत्यादि का लाभ भी ले सकते हैं।

---

### महंत श्रीनाथ ने दिया बजाज क्लॉथ शोरूम मालिक को आशीर्वाद



**भिवानी।** भिवानी बिचला बाजार स्थित बजाज क्लॉथिंग शोरूम में श्रीनाथ मुकुंदगढ़ वाले ने बजाज शोरूम के संचालक पूनम बजाज व उत्कर्ष बजाज को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य और व्यापार में वृद्धि की कामना की। शोरूम संचालक पूनम बजाज ने बताया कि इस अवसर पर मीनू अग्रवाल, लक्ष्मीकांत अग्रवाल, सैंकी मित्तल, सार्थक अग्रवाल, मोनी अग्रवाल, रामावतार अग्रवाल, राजेश गुप्ता, तरुण बंसल, प्रवीण गर्ग,प्रमोद अग्रवाल व विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

---

# स्वयंसेवकों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी





**चरखी दादरी।** गांव में नशा मुक्ति रैली निकालते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

बौंद कलां स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चले रहे एनएनएस शिविर के छठें दिन नशा मुक्ति रैली निकाली और जागरूकता फैलाई। रैली के दौरान प्रत्येक स्वयंसेवक ने गांव के हर घर में जाकर कम से पांच लोगों को नशा मुक्ति के बारे में जागरूक किया।

अवसर पर बौंद कलां के सामान्य अस्पताल के डॉ. नरेश ने स्वयं सेवक छात्रों को सम्बोधित किया और स्वच्छता, प्राथमिक चिकित्सा उपचार और बच्चों को मैडिकल कोर्स में क्या.क्या अवसर प्राप्त हो सकते है आदि के बारे विस्तार से जानकारी प्रदान की। उसके बाद जिला स्वयं सेवक कोर्डिनेटर विरेन्द्र ने बच्चों को एनएसएस का महत्व बताया और समझाया कि किस प्रकार एसएसएस के स्वयं सेवक समाज की सेवा कर सकते है और उन्होंने न्यू एग्जाम पैटर्न से भी बच्चों को अवगत करवाया। वहीं एनएसएस पीओ जयप्रकाश यादवए रोबिन डीपीई ने बच्चों को प्रेरकारत्मक भाषण देकर मनोबल बढ़ाया और कहा कि आज के युवा को किसी भी तरह का नशा नहीं करना चाहिए क्योंकि नशा जो हमारे स्वास्थ्य के साथ.साथ हमारे समाज को बिगाड़ देता है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक प्रताप सिंह यादव व प्रधानाचार्य कृष्णदत्त यादव ने कहा कि अगर हम सब किसी भी अच्छे काम को करने की ठान ले तो हमें कोई भी नहीं रोक सकता।

---

### कानूनगों हड़ताल का इनेलो नेता अर्जुन चौटाला ने किया समर्थन



**भिवानी।** लघु सचिवालय के समक्ष चल रहे पटवारी कानूनगो हड़ताल का इनेलो नेता अर्जुन चौटाला ने समर्थन किया तथा पटवारी कानूनगों के प्रतिनिधियों ने अर्जुन चौटाला को मांगपत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि वे उनकी आवाज को दबने नहीं देंगे सरकार तक उनकी मांगों को पहुंचाया जाएगा। आज प्रत्येक वर्ग के लोग सरकार की गलत नीतियों से तंग है। जगह, जगह धरने प्रदर्शन हो रहे हैंए लूट खसोट,चोरी, डकैती हो रही है लेकिन किसी की कोई सुनवाई नही है। कर्मचारियों की आवाज फाईलों में दब कर रह गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही जनता वोट की चोट से सरकार को सबक सिखाने का काम करेगी। उनके साथ इनेलो जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक ओमप्रकाश गोरा, इनेलो प्रदेश महासचिव सुनील लांबा, इनेलो जिला अध्यक्ष ओबीसी सुनील स्वामी हालुवासिया, इनेलो जिला अध्यक्ष युवा निशान ढांडा, इनेलो नेत्री मंजू शर्मा, भिवानी इनेलो शहरी प्रधान युवा राहुल चौहान देवसर, अनिल तंवर हालुवासिया, अशोक तंवर हालुवासिया अनेक गणमान्य नेता मौजूद थे।

---

# गठबंधन सरकार पर बोला हमला

■ कांग्रेस नेता अनिल धनखड़ बोले युवाओं का भविष्य अंधकारमय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अनिल धनखड़। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश की बीजेपी सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। आए दिन ऐसे फैसले लिए जाते हैं कि युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। यह बात कांग्रेस नेता अनिल धनखड़ ने गांव सौंफ में युवाओं एवं ग्रामीणों से बातचीत करने के दौरान कही।

धनखड़ ने कहा कि हरियाणा के जो युवा यूपीएससी जैसे एग्जाम पास करके देश की सेवा कर रहे हैं क्या वो एचसीएस परीक्षा पास नहीं कर पाएंगे। एचपीएससी के इन नतीजों से हरियाणा के लाखों युवाओं के सपने चकनाचूर हो गए हैं। बीजेपी.जेजेपी सरकार हरियाणा के युवाओं की प्रतिभा पर जानबूझकर सवालिया निशान लगाकर प्रदेश के युवाओं को अयोग्य घोषित कर बड़े पदों पर अन्य राज्यों के लोगों को भर्ती करने की नीति पर चल रही है। इससे पहले हुई सभी भर्ती आदि में देखने को मिला है। उहोंने कहा कि कभी परीक्षा रद की जा रही है तो कभी पेपर लीक हो रहा है।

---

### मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर करवाएं रबी फसलों का पंजीकरण

**चरखी दादरी।** जिला के सभी किसान रबी की फसलों का पंजीकरण मेरी फसल.मेरा ब्यौरा पोर्टल पर करवाएं ताकि कृषि उत्पादों को मंडियों में बेचने के साथ ही कृषि योजनाओं का लाभ सही ढंग से उठाया जा सके। किसान अपना पंजीकरण पोर्टल पर सुनिश्चित करें। डीसी मनदीप कौर ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से किसान हित में मेरी फसल.मेरा ब्यौरा मोबाइल एप्लीकेशन भी लांच की गई है। इस एप्लीकेशन की सहायता से किसान घर बैठे अपनी फसल का पंजीकरण कर सकेंगे। जो किसान एंड्रायड मोबाइल का प्रयोग करते हैं वे एप डाउनलोड कर घर बैठे कर सकते हैं।

---

# जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

■ समाज सेवा बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं : मड्डू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



मंगलवार को पीसीसी डेलीगेट एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता परमजीत सिंह मड्डू ने उत्तमनगर कॉलोनी व लोहारू फाटक इलाके में पहुंचकर पूर्व सीएलपी लीडर किरण चौधरी के मार्गदर्शन में लोगों में कम्बल वितरित किए।

इस दौरान पीसीसी डेलीगेट एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता परमजीत सिंह मड्डू ने कहा कि समाज सेवा से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं है। सामाजिक संस्थाओं को इस तरह के पुण्य के कार्य में आगे आने आना चाहिए। ताकि जरूरतमंदों की इस तरह की जरूरत पूरी हो सके। कड़ाके की सर्दी में गर्म वस्त वितरित करके आपस भाई चारे की मिसाल पेश करें।

गर्म वस्त्र वितरित करने के बाद जरूरतमंदों को ठंड से बचाया जा सके। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि इस तरह के पुण्य के कार्य के आगे आना चाहिए,ताकि हर जरूरतमंद की मदद हो सके। यहां यह बताते चले कि पीसीसी डेलीगेट एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता परमजीत सिंह मड्डू अब तक दो-तीन बार अभियान चलाकर जरूरतमंद लोगों को गर्म वस्त्र वितरित कर चुके है।

---

### क्लोरिन के प्रशिक्षण शिविरों का लाभ उठाएं पंप ऑपरेटर

# पानी शुद्धिकरण में क्लोरीन उपयोग में बरतें सावधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** पानी की सफाई को लेकर आयोजित कार्यशाला में उपस्थित लोग व मुख्य वक्ता।

पानी शुद्धिकरण में क्लोरीन का उपयोग करते समय सावधानी बरतें नहीं तो यह जानलेवा भी साबित हो सकती है स यह जानकारी जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व अल्कली मैन्युफैक्चरर्स एसो आफ इंडिया के सयुक्त तत्वावधान मे आयोजित शकुन्तला गार्डन रिसोट के हाल में आयोजित क्लोरिन प्रशिक्षणऔर सेफ्टी कीट इंस्तमाल कार्यशाला में ट्रेनर योगेश चन्द्र स्वामी ने देते हुए कहा कि क्लोरीन एक जहरीली गैस होने के बावजूद इसका पानी के शुद्धिकरण में उपयोग होता है।

पम्प ऑपरेटर या जल आपूर्ति और वाटर व सीवरेज ट्रिमैन्ट प्लाटं के कर्मचारी इसका उपयोग करते समय पूरी सावधानी बरतें । उन्होंने कार्यशाला में क्लोरीन गैस के उपयोग, रख रखाव और सेफ्टी कीट व सुरक्षा संबंधी आधुनिक तकनीको की जानकारियां दी। कार्यशाला मे जिला वाटर लैब इंचार्च रसायन वैज्ञानिक राजीव सिहाग ने कहा कि कर्मचारियों लैब मे पेयजल सैपल लेकर आना चाहिए,ताकि पेयजल की गुणवता का पता चल सके। क्लोरीन प्रशिक्षण शिविरों का लाभ प्रत्येक कर्मी को उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेफ्टी कीट पहन कर पेयजल सप्लाई हमेशा क्लोरीनयुक्त ही करनी चाहिए ताकि सभी को स्वच्छ पेयजल मिल सके स जिला सलाहकार अशोक भाटी ने कहा कि हमारे स्वास्थ्य के लिए जितनी ज़रूरत योगा और कसरत की होती है उसी तरह कर्मचारियों की कार्य कुशलता के लिए आधुनिक तकनीक की जानकरियां प्राप्त करने के इस प्रकार के प्रशिक्षण समय समय परं करवाने बहुत जरूरी है ताकि स्वच्छ पेयजल की सप्लाई की जा सके ।इस मौके पर मंच संचालन खंड समन्वयक सुरेश बुवानी खेडा व सूबे सिह लोहारू ने एफटीके और ओटी किट के बारे मे जानकारिया दि। व प्रोजेक्टर संचालन प्रिन्स व शिवानी ने किया। कार्यक्रम में समाज शास्त्री सीमा यादव ने जल सरंक्षण के बारे में बताया। ट्रेनिंग के बाद सभी कर्मचारियो को प्रमाण पत्र प्रदान कर उन से फिडबैक लिया।

---

# पशु पालकों के लिए पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना वरदान: मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ बड़े स्तर पर भेड़.बकरी, गाय.भैंस पालन व्यसाय शुरू करने व चारा प्रबंधन पर मिलती है लाखों से करोड़ों रूपए तक की सब्सिडी

प्रदेश के कृषि एवं पशु पालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि पशु पालकों के लिए पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना वरदान साहित हो रही है। छोटे किसानों की पशुपालन व अन्य संबंधित क्षेत्रों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा ये योजना चलाई जा रही है। कृषि मंत्री दलाल ने बताया कि इसके अलावा पशु पालक किसानों की आय बढ़ाने के लिए पशु पालन विभाग द्वारा बड़े.बड़े पशु पालन प्रोजैक्टों पर 50 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है।

कोई भी पशु पालक 100 भेड़.बकरियां पालन का व्यवसाय करता है तो उनको दस लाख रुपये की सब्सिडी दी जाती है। इसी प्रकार 500 भेड़. बकरियां पालन पर 50 लाख रुपये की सब्सिडी दी जाती है। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने बताया कि बड़े स्तर पर गाय.भैस पालन की डेयरी स्थापित करने व उनके लिए चारा प्रबंधन परियोजना शुरू करने पर करोड़ों रूपए की सब्सिडी दी जा रही है। कृषि मंत्री दलाल ने बताया कि क्रियान्वित योजनाओं में पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ उठा सकते हैं और अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए स्वरोजगार अपना सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### पत्नी की गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा से पत्नी की गुमशुदा होने पर पति ने मामला दर्ज करवाया है। पुलिस में दी शिकायत में पति ने बताया कि उसका विवाह 25 नवंबर को उतरप्रदेश के मैनपुरी जिले के डबरा निवासी मुस्कान के साथ हुआ था। उसकी पत्नी 30 दिसंबर को रात को बिना बताए कहीं चली गई। काफी तलाशने पश्चात भी उसका कहीं अता पता नहीं चला। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### बिजली निगम कर्मियों का धरना जारी

**लोहारू।** लोहारू बिजली निगम के एसडीओ की गठितियां कार्य प्रणाली से नाराज होकर बिजली निगम कर्मचारियों का धरना पांचवें दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने एसडीओ सहित प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने के पांचवें दिन एसडीओ और ज्वाइंट एक्शन कमेटी के पीछे वार्तालाप शुरू हुई, लेकिन पहले ही बिंदु सहमति नहीं बन पाई और वार्तालाप विफल हो गई। इस दौरान धरनारत कर्मचारियों ने एसडीओ पर तानाशाह रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

### सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम 12 से

**भिवानी।** जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह एवं सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ नेहरू युवा केंद्र एवं ग्रामीण विकास मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 12 जनवरी 2024 शुक्रवार को प्रातः 9:30 बजे आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल झोझूकलां में मनाया जाएगा। नेहरू युवा केंद्र जिला युवा अधिकारी रोहित यादव एवं ग्रामीण विकास मंडल सचिव सुनील कुमार ने बताया कि इस अवसर पर आध्यात्मिक जगत के पुरोधा स्वामी विवेकानंद विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें चरखी दादरी जिले के कोई भी युवा भाग ले सकते हैं।



### डेढ एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी तोड़ी

**भिवानी।** नगर योजनाकार विभाग ने भिवानी शहरी क्षेत्र मौजा भिवानी में तोशाम चौक से भिवानी.लोहारु बाईपास रोड़ पर अवैध कॉलोनी से निर्माण हटाने का अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण को तोड़ा गया। जिला नगर योजनाकार नीलम शर्मा ने कहा कि अवैध निर्माण हटाओ अभियान के तहत आज तोड़ फोड़ की कार्यवाही की, जिसमें जिला भिवानी के शहरी क्षेत्र भिवानी में मौजा भिवानी. जोनपाल में तोशाम चौक से भिवानी लोहारू बाईपास रोड़ पर अवैध कालोनी में 1.5 एकड़ क्षेत्र में 30 डीपीसी, दो मकान,पाँच अर्द्धन रोड़ व डीमारकेशन को जेसीबी से तोड़ा।

# जर्जर स्कूल भवन ढहाए, नए नहीं बन पाए , स्कूल खुलते ही होगी समस्या

## कहीं बरामदों तो कहीं दो से तीन क्लास इक्कठी बैठाई जा रही, मलबा भी नहीं उठा

भिवानी ब्लाक में इस तरह के स्कूलों की संख्या करीब आठ से दस तक। कुछ कमरों को तोड़ा गया है और उन कमरों में बैठने वाले बच्चों को दूसरी कक्षा के बच्चों के साथ बैठाया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** टूटे स्कूल भवन और मुख्य गेट का दृश्य। फोटो : हरिभूमि




शिक्षा विभाग ने अनेक प्राइमरी स्कूलों के भवनों को जर्जर घोषित किया और उन भवनों को तुड़वाना भी शुरू कर दिया। अनेक प्राइमरी स्कूलों में टूटे हुए भवनों का मलबा पड़ा है,लेकिन अभी तक उन जर्जर भवनों की जगहों नए भवनों का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से स्कूलों में छोटे बच्चों को बैठाने के लिए जगह ही नहीं बची है। ऐसे में बच्चों को स्कूल के बरामदों या फिर दो से तीन कक्षाओं को एक ही भवन में बैठाना पड़ रहा है। हालांकि इस वक्त बच्चों की छुट्टियां चल रही है,लेकिन 15 जनवरी के बाद स्कूल खुलते ही शिक्षकों के सामने बच्चों को बैठाने की समस्या फिर से बन जाएगी। फिलहाल जिले में इस तरह के स्कूलों की संख्या करीब डेढ दर्जन के आसपास है।

भिवानी ब्लाक में इस तरह के स्कूलों की संख्या करीब आठ से दस के आसपास है। कुछ स्कूलों के भवनों को कंडम घोषित करके दूसरे स्कूलों में बच्चों को बैठाया जा रहा है तो कुछ स्कूल ऐसे भी है। जिनके कुछ कमरों को तोड़ा गया है और उन कमरों में बैठने वाले बच्चों को दूसरी कक्षा के बच्चों के साथ बैठाया जा रहा है। हालांकि एक कमरे में दो-दो क्लासें बैठाने की वजह से कोई सी क्लास के बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है,लेकिन शिक्षकों के पास इसके सिवाय विकल्प ही नहीं है। मजबूरन वे इस तरह की व्यवस्था कर रहे है। सबसे बड़ी समस्या शिक्षकों के समय यह आ रही है कि वे कमरे में बैठे दो कक्षाओं के बच्चों को अलग.अलग किस तरह से पढाएंगे। फिलहाल इन शिक्षकों के समक्ष अजीब सी समस्या बनी है।

### शिक्षा का माहौल देना बेहद जरूरीः चाहर

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चाहर ने बताया कि अनेक स्कूलों में भवनों का टोटा बना है। अनेक स्कूलों के भवनों को तोड़ा गया है। उनकी जगह नए भवन नहीं बनाए गए है। बच्चों को बैठने के लिए जगह नहीं है। जिसकी वजह से स्कूलों में शिक्षा का माहौल नहीं बन पा रहा है। उन्होंने सरकार से उक्त स्कूलों के भवनों को शीघ्र तैयार करवाए जाने की मांग की।

### भेजा जा चुका है एस्टीमेट

सूत्र बताते है कि जिले में करीब डेढ दर्जन के आसपास ऐसे स्कूल भवन है, जो कि जर्जर हो चुके है। उनको तुड़वाए जाने की प्रक्रिया तो शुरू हो गई, लेकिन अभी तक उनकी जगह नए भवन बनाए जाने का बजट नहीं पहुंचा है। हालांकि कुछ स्कूलों के भवनों का निर्माण शुरू करवाए जाने का बजट जारी भी हो चुका है,लेकिन जिन स्कूलों का बजट जारी नहीं हो पाया है। उन स्कूल के शिक्षकों व विद्यार्थियों के लिए बड़ी समस्या बनी है।



**भिवानी।** वेतन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

## स्कूल कर्मचारियों ने उपायुक्त को लगाई तनख्वाह की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

श्री हरियाणा शेखावाटी ब्रह्मचर्य आश्रम समिति द्वारा संचालित पंडित सीताराम शास्त्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 15-20 साल से काम करने वाले कर्मचारियों ने उपायुक्त को ज्ञापन देकर अपने हक की मांग करने पर प्रताड़ित करने तथा तनख्वाह न देने पर अपनी समस्याओं का रोना रोया तथा मांग की कि हमें हर महीने तनखा मिले तथा डीसी रेट करवाया जाए। कर्मचारियों ने बताया कि स्कूल में 800 व 900 बच्चे पढ़ाई करते हैं बहुत अच्छी तरह स्कूल चल रहा है करोड़ों रुपया बैलेंस है, लेकिन समिति पर प्रशासक नियुक्त होते हुए भी पूर्व प्रधान एवं सचिव के साथ मिली भगत करके पैसे के गोलमाल में लगे हुए हैं। कर्मचारियों के तनखाह बढ़ाने को लेकर अपील करने पर बुरा भला कहते हैं और बोलते हैं कि आपको यहां 4000 मिलता है कहीं 40000 मिलता है वहां जाकर काम कर ले जबकि सबको पता है आज के समय में 4000 में घर खर्च चलना बहुत मुश्किल है हमने समाज की संस्था के नाम से कम पैसे में काम करते.करते स्कूल, कॉलेज एवं शास्त्री कॉलेज में काफी इनकम होने के बाद अब तनख्वाह बढ़ाने की आवाज उठाई तो जो पैसा सैलरी के रूप में देते थे। वह भी देना बंद कर दिया इसलिए उपायुक्त से अपील है कृपया करके इन भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए हमें डीसी रेट के हिसाब से समय पर तनख्वाह दिलवाने की कृपया करें ज्ञापन देने वालों में सुनीता, राजेंद्र, पुष्कर,रमा, सुरेन्द्र, रामलोट परसोतम आदि थे।

- कर्मचारियों ने बताया कि स्कूल में 800 व 900 बच्चे पढ़ाई करते हैं बहुत अच्छी तरह स्कूल चल रहा है करोड़ों रुपया बैलेंस है



भिवानी। शहीदों को पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित की

**भिवानी।** नेहरू स्थित शहीद स्मारक पर मंगलवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा 1857 की क्रांति के स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस मौके पर महात्मा ज्योतिबा फुले धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश सैनी, वार्ड.25 के पार्षद विनोद प्रजापति पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार, नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी व राव महेंद्र सिंह ने कहा कि देश की आजादी के लिए अनेकों वीर सपूतों ने अपने जीवन का बलिदान दिया है। भारतीय इतिहास में जिन शहीदों का नाम अंकित है, उनमें बल्लभगढ़ रियासत के आजादी के मतवाले शहीद राजा नाहर सिंह का नाम हरियाणा के इतिहास में सदा अमर रहेगा। उन्होंने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले राजा नाहर सिंह के सेनापति शहीद गुलाब सिंह सैनी महान स्वंतत्रा सेनानी थे। उन्होंने बताया कि शहीद गुलाब सिंह बल्लभगढ़ के राजा नाहर सिंह के सेनापति थे।

### पुलिस पर गिरफ्तारी के बाद मुठभेड़ का आरोप फायरिंग के आरोपी के पैर में लगी थी गोली



**चरखी दादरी।** प्रेम विवाह के बाद दंपती को गोली मारने के आरोपी के परिजनों ने पुलिस पर गिरफ्तारी के बाद गोली मारने व लाखों की रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए लघु सचिवालय परिसर में धरना दिया। परिजनों के आरोप लगाया की पुलिस ने गिरफ्तारी के 4 दिन बाद आंखों पर पट्टी बांधकर गोली मारी है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को आरोपी पुलिस कर्मचारियों पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञात रहे कि पिलाना गांव निवासी एक लड़की ने ऊण गांव के लड़के के साथ प्रेम विवाह किया था। लड़की के परिजन इस शादी से खुश नहीं थे। लड़की के पक्ष के कुछ लोगों ने लड़के के घर में घुसकर गोली मार दी थी तथा लड़की का अपहरण कर लिया था। उसके बाद आरोपी लकड़ी को गोली मारकर फरार हो गए थे। दोनों का रोहतक पीजीआई में उपचार करवाया था। पुलिस ने लड़के की शिकायत पर लड़की के पिता कुलदीप तथा उसके सहयोगी सोनू व परमजीत पर मामला दर्ज किया था। इसके बाद परिजनों की निशानदेही पर पुलिस ने आरोपी कुलदीप को झज्जर जिला के गांव नौगांव से गिरफ्तार किया था। उसी वक्त आरोपी सोनू व परमजीत को भी कुलदीप ने फ ोन कर बुला लिया था। पुलिस ने परिजनों व अन्य लोगों की मौजूदगी में तीनों को गिरफ्तार किया था। ग्रामीणों ने बताया कि 19 नवंबर को अखबार में समाचार पढ़ने के पता चला कि पुलिस ने सोनू को गोली मार दी।

## मांगों को लेकर विद्युत निगम कर्मी बैठे धरने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल



- कर्मचारी बोले, एसडीओ ने रवैया नहीं बदला तो वे बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना करेंगे शुरू

बिजली निगम के उपमंडल अधिकारी की कार्यशैली से खफा बिजली घर के कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए एकदिवसीय धरना दिया। कर्मचारियों ने कहा कि उपमंडल अधिकारी अपनी मनमानी से काम करते हुए कर्मचारियों को बेवजह परेशान कर रहे हैं जो कि किसी सूरत में सहन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि या तो एसडीओ ने अपना रवैया नहीं बदला तो वे बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर देंगे।

मंगलवार को बहल बिजली घर के आल हरियाणा पावर कोरपोरेशन वर्कर यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने उपमंडल अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कर्मचारियों ने कहा कि उपमंडल अधिकारी तानाशाही रवैया अपनाए हुए है। वे कर्मचारियों के खिलाफ ऑर्डर जारी कर उनको परेशान कर रहे हैं। 3 जनवरी को उन्होंने जो ऑफिस आर्डर किए है उसको लेकर कर्मचारियों में रोष है। इस ऑर्डर को लेकर कर्मचारी उपमंडल अधिकारी से मिले थे पर उन्होंने उनकी बात को अनसुना कर दिया है। कर्मचारियों ने एसडीओ के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कहा कि वे अपनी ड्यूटी का सही ढ़ंग से निर्वाहन कर रहे हैं। परए एसडीओ अपने चेहते लोगों के इशारे पर कर्मचारियों को बेवजह तंग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वे एसडीओ की मनमानी को किसी सूरत में सहन नहीं करेंगे चाहे उनको कितना भी लंबा आंदोलन क्यों न करना पड़े। कर्मचारियों ने कहा कि वे आज का दिन एसडीओ को देते हैं कि या तो आज कर्मचारियों को बुलाकर बातचीत के जरिए हल निकाले नहीं तो वे कल से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर देंगे। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान संदीप गोकलपुरा ने की जबकि संचालन सतीश कुमार सुधीवास ने किया। धरने में बलवान सिंह, विजय जांगड़ा, विजय, राकेश लोहानी, कुलदीप लाइनमैन चैहडिय़ा, सोमबीर देवराला, रवि सुधीवास, प्रदीप सिरसी, मनोज गोकलपुरा, विजेन्द्र, पवन, सुनील, संदीप सहित अनेक लोग मौजूद रहे। वहीं, इस बारे में एसडीओ ऋषभ ने बताया कि उनके पास लाइनमैन की कमी थी सो जिनकी बहल में ड्यूटी थी उनको फिल्ड में भेजने के ऑर्डर किए है, जो नियमानुसार किया है।

## पात्र लोगों को मिल रहा अंत्योदय योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



तोशाम। अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित करते पूर्व विधायक शशि परमार।

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को हलके के गांव धारवानवास, खापडवास, शिमलीवास, जितवानवास, भानगढ़ व ढांगर में पंहुची। इस अवसर पर ग्रामीणों को भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की शपथ दिलाई गई। पूर्व विधायक शशिरंजन परमार ने विकसित भारत यात्रा में विभिन्न गांवों में शिरकत करते हुए कहा कि गरीब, किसान, महिला व युवा देश की शक्ति है और इसी शक्ति को और मजबूती देने के लिए मोदी सरकार की गारंटी वैन विकसित भारत संकल्प यात्रा के रूप में गांव.गांव पहुंच रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा गरीब व्यक्ति के उत्थान के लिएए युवाओं के हुनर को निखारने, किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका सीधा लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है वह तभी पूरा हो सकेगा जब देश की हर योजना पात्र व्यक्ति तक आसानी से पहुंच सके और इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा देश के प्रत्येक गांवों में पहुंचकर पात्र लाभार्थियों को उनके घर पर ही लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने युवाओं का आहवान किया कि सभी युवा इन कार्यक्रमों से जुडऩे के लिए सरकार द्वारा शुरू किए गए माई भारत पोर्टल पर आज ही अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं। ताकि हर युवा इन कार्यक्रमों से जुडकर अपने अन्दर के हुनर को निखार सके और विकसित भारत के संकल्प में अपनी भूमिका निभा सके। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से देश.प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति किसी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं तो वे अब इस यात्रा के दौरान अपने गांव में ही आवेदन कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दूरदर्शी विजन के साथ देश.प्रदेश उन्नति के पथ पर अग्रसर हैं। यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभांवित किया गया। कार्यक्रम में केंद्र व सरकार की उपलब्धियों पर आधारित फिल्म का भी प्रसारण किया गया।

### चबूतरे के निर्माण को लेकर सर्व जातीय जाटू खाप चौरासी ने की बैठक

**भिवानी।** सर्व जातीय जाटू खाप चौरासी ने चबूतरे के निर्माण को लेकर बैठक का आयोजन धनाना की धर्मशाला में जाटू खाप 84 के प्रधान कैप्टन भीम सिंह मिताथल व भगत सिंह पार्क प्रबंधक ट्रस्ट के प्रधान चतर सिंह घणघस धनाना ने संयुक्त रूप से किया। इस बैठक का संचालन मा. राज सिंह जताई ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए भीम सिंह व चतर सिंह घणघस ने कहा कि चबूतरे के निमार्ण कार्य के लिए सभी वर्गों के लोगों की आर्थिक सहायता ली जाएगी। सभी पदाधिकारियों ने बैठक में उपस्थित लोगों से आह्ववान करते हुए कहा कि वे सभी निर्माणधीन चबूतरे में सहयोग करें। इसके लिए जाटू खाप 84 उस व्यक्ति का नाम उस चबूतरे पर स्वर्ण अक्षरों में अंकित करेगी जो कम से कम 11 हजार रुपये का दान देगा इसके अलावा इससे अधिक दानराशि देने वालों का नाम व उसके परिजनों का नाम भी इस चबूतरे पर लिखा जाएगा। इच्छुक दानियों को सभी पदाधिकारियों ने आपसी सहमति कर तिथि को आगे बढ़ाते हुए 28 जनवरी तक का समय दिया है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक चबूतरे का उद्देश्य है कि सर्वजातीय जाटू खाप 84 का आपसी भाई चारा मजबूत बना रहे।

- कम से कम 11 हजार रुपये दाने देने वाले व्यक्ति का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सुरेश सरपंच, बलवान पूर्व सरपंच, झगड, भूप सरपंच, रामकिशन फौजी, कन्हैया, राम कुमार, अत्तर,रतन सिंह, सज्जन, रमेश, कपूरा, डॉ. राजेश, जगदीश, धर्मबीर, नफे सिंह, लीलाराम, सज्जन, रमेश सहित अन्य पदाधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने दिए निर्देश

## बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत करने की रणनीति बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। 18 : बैठक में बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार पर चर्चा करते जिला शिक्षा अधिकारी।

जिले के सरकारी स्कूलों में बोर्ड परीक्षा के परिणामों को शत प्रतिशत करने के उद्देश्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में परीक्षा परिणामों को सुधारने के लिए रणनीति बनाई गई। जिला में पिछले काफी समय से शिक्षा विभाग की ओर से बोर्ड परिक्षाओं में परिणामों को सुधारने के लिए कवायद की जा रही है।

इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा फौगाट की अध्यक्षता में विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत प्री बोर्ड .वन के परीक्षा परिणाम के विश्लेषण के साथ हुई। प्रत्येक खंड के पांच-पांच दसवीं एवं 12वीं कक्षाओं के सबसे खराब प्री बोर्ड परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों की छंटनी की गई और भविष्य में आगामी बोर्ड परीक्षा परिणाम को सुधारने के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में सामने आया कि राजकीय वमावि झोझू कला, रावमावि छपार, रावमावि अटेला, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झोझू कला, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बौन्द कला, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाढडा ,राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डोहका मौजी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अचीना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भागेश्वरी आदि विद्यालयों के प्री बोर्ड परीक्षा के परिणाम में वांछित सुधार नहीं हुआ है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को प्रति सप्ताह इन विद्यालयों के दौरे करने के निर्देश दिए। उन्हें खंड स्तर पर अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन वाले अध्यापकों के द्वारा अधिक नंबरों वाले विषयों पर नोट्स बनवाकर उन्हें अपने सभी विद्यालयों में बंटवाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि शीतकालीन अवकाश का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए और ऑनलाइन कक्षाओं पर बल दिया। उन्होंने जिला स्तर पर प्रत्येक विषय के व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी अध्यापकों जो 10वीं और 12वीं कक्षा को पढ़ा रहे हैं उन्हें अपने नोट्स सांझा करने के निर्देश दिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
महिलाओं में कमजोरी, सफेद पानी, प्रेगनेंसी न होना, ब्रेस्ट क्रीम लें।
गैस, कब्ज, फैटी लीवर, भूख न लगना, शुगर, मोटापा घटाएं
ताकत का कोर्स लें Rs.550/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
9728321662
भिवानी रोजाना मिले (9am to 7pm)
पता: 1st फ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
Facebook पर हमारे पेज, जुनेजा क्लीनिक भिवानी को Like & Share करें।